

## एक नजर में

### सीएम हेल्पलाईन में झूठी शिकायत करना पड़ा भारी

**सिंगरौली।** संकुल केन्द्र सरई अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय सुतोहिया टोला के शिक्षक को सीएम हेल्पलाईन में झूठी शिकायत करना भारी पड़ गया। जांच के बाद आरोप गलत पाये जाने पर कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के निर्देश पर डीईओ एसबी सिंह ने शिक्षक को सस्पेंड कर दिया है। जानकारी के अनुसार सुतोहिया टोला स्कूल के शिक्षक श्रीमान जायसवाल ने सीएम हेल्पलाईन में शिकायत किया था कि ग्रेडेशन सूची में इनको सत्र 2014 से वरिष्ठता तथा प्रदान की गई है। जबकि सभी लोगों को 2011 से वरिष्ठता दी जा रही है। उक्त शिक्षक के द्वारा भी 2011 से वरिष्ठता की मांग की जा रही थी और उनकी नियुक्ति गुरूजी के पद पर हुई थी और उनके द्वारा पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण न किये जाने के कारण संविदा शाला शिक्षक वर्ग तीन में संविलियन नही किया गया था। शासन के निर्देश पर जिपं सिंगरौली द्वारा उक्त शिक्षक की प्रथम नियुक्ति 10 फरवारी 2014 से मान्य की गई और उसने कार्यालय में वरिष्ठता संबंधी किसी भी प्रकार का आवेदन प्रस्तुत नही किया और न ही शिविर, परिवेदन पोर्टल में भी आवेदन नही प्रस्तुत किया, बल्कि ग्रेडेशन में पात्रता 2011 से न होने पर भी जानबुझकर सीएम हेल्पलाईन में शिकायत कर विभाग को गुमराह किया। इसी आरोप में डीईओ ने शिक्षक श्रीमान सिंह को निलंबित कर मुख्यालय चितरंगी वि. खण्ड के शाउमा विद्यालय लमसरई में नियत किया है।

### पिपरी पंचायत की जांच कराने कलेक्टर से की गई मांग

**सिंगरौली।** जनपद पंचायत बैढ़न के ग्राम पंचायत के पिपरी में वर्ष 2020 से लेकर 2025 तक हुये निर्माण कार्यो की जांच कराने कलेक्टर से की गई। ग्राम पंचायत पिपरी के समस्त पंच एवं उप सरपंच ने कलेक्टर को जन सुनवाई में आवेदन देते हुये कहा कि वर्ष 2020 से लेकर 2025 तक जो निर्माण हुआ है, उसमें सरपंच एवं सचिव के साथ रोजगार सहायक से जानकारी मांगी गई तो कोई जानकारी नही दी गई। इनके कार्य से आमजनता संतुष्ट नही है। ग्राम सभा की बैठक आज दिनांक तक नही हुई है और पंचायत में किसी भी प्रकार के कार्य की जानकारी जनता तक नही पहुंचाई जाती, इसके अलावा जनपद पंचायत के फण्ड से शासकीय हाई स्कूल में बाउण्ड्री गेट व पंचायत भवन शौचालय में कोई भी आतरिक कार्य नही हुआ एवं दिखावा किया गया है, जिसकी विधिवत जांच कराई जाये।

### विद्यालय भवन में पानी का अभाव, कलेक्टर से हुई मांग

**सिंगरौली।** विकास खण्ड बैढ़न के ग्राम पंचायत क्षेत्र जोगियानी के बसौड़ा शासकीय स्कूल जरकट पूर्व टोला बसौड़ा के स्कूल में पानी का अभाव है। जिससे विद्यालय के बच्चों को पीने के पानी के लिए काफी परेशान होना पड़ता है। इस गंभीर समस्या को लेकर कलेक्टर से पानी व्यवस्था उपलब्ध कराये जाने की मांग की गई है। मांग में कहा है कि विद्यालय में स्कूल के बच्चो को पानी पीने एवं शौचालय जाने के साथ-साथ रसौइयां को मध्यान्ह भोजन बनाने के लिए पानी की काफी परेशानी हो रही है। विद्यालय में हैंडपंप तो है, लेकिन उसमें पानी नही आता है। जिसके चलते आधा किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है।

# गांवों में दोगुना कीमत में बिक रही यूरिया, शहर में लम्बी कतारें

## सरई में एक ट्रक यूरिया खाद पकड़ाया, बीच सड़क पर ट्रक खड़ा कर बेची जा रही थी यूरिया

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 12 अगस्त। जिले में इन दिनों यूरिया एवं डीएपी खाद के लिए मारामारी मची हुई है।**

आलम यह है कि बैढ़न शहर के खरीदी केन्द्र कचनी में अन्नदाताओं की यूरिया के लिए लम्बी कतारे लग रही हैं, वही ग्रामीणों अंचलों मे दोगुनी कीमत पर खाद की बिक्री की जा रही है। आज देर शाम सरई सड़क पर खाद की बिक्री करते तहसीलदार ने पुलिस के साथ पहुंच जप्त कर लिया है। गौरतलब है कि खरीफ फसल की बुआई के बाद अन्नदाता इन दिनों यूरिया एवं डीएपी खाद के लिए समितियों के खरीदी केन्द्रों में कतारे में खड़े होकर घंटो जद्दोजहद के बाद किसी तरह मिल



पा रही है। वही जिला मुख्यालय बैढ़न शहर के खरीदी केन्द्र कचनी में अन्नदाता सुबह से ही खाद के लिए लाईन में लग जा रहे हैं। करीब तीन से चार घंटा लाईन में लगने के बाद खाद तो मिल जा रही है, लेकिन इस दौरान अन्नदाताओं को काफी पापड़ बेलने पड़ रहे हैं। यह समस्या आज से नही काफी दिनों से है। हालांकि खरीदी केन्द्र कचनी में पर्याप्त मात्रा में खाद होने का दावा किया जा रहा है। यहां पर अन्नदाताओं की लम्बी कतारे होने के कारण वितरण केन्द्र में एक ही काउंटर पर जिस्टर होना बताया जा रहा है। जिसके चलते वितरण में समय लगता है। खाद वितरण अधिकारियों के बातो में कितना दम है, यह अलग बात है। लेकिन वही ग्रामीण अंचलों में खाद के लिए मारामारी मची हुई है। यहां के निजी दुकानदारों के द्वारा औने-पौने दाम पर यूरिया खाद की बिक्री की जा रही है। चितरंगी, देवसर, माड़ा, सरई क्षेत्र में महंगे दामों पर अन्नदाता उर्वरक खरीदने के लिए विवश हैं। प्रशासन के लुंजपुज व्यवस्था से अन्नदाता कोस रहे हैं।

### सरई में बीच सड़क पर बेची जा रही थी खाद, ट्रक थाने में

सरई मुख्य बाजार में आज एक व्यापारी एक ट्रक में 600 बोरी यूरिया लाकर सड़क पर बेच रहा था। जिसकी शिकायत होने पर तहसीलदार चन्द्रशेखर मिश्रा एवं टीआई जितेन्द्र सिंह भदौरिया स्थल पहुंच ट्रक को थाने लाया गया। तहसीलदार ने पुलिस से कहा है कि बीच सड़क पर खाद बेची जा रही थी, डीडीए को बुलाकर कार्रवाई करें। पुलिस ने ट्रक एवं खाद को अपने कब्जे में लेकर दस्तावेज मंगाये गये हैं। साथ ही सड़क पर खाद वितरण के लिए अनुमति किसने दिया, पूछतांछ जारी है।

### दोगुने दाम पर बिक रही है खाद

आलम यह है कि जिले भर में इन दिनों खाद के लिए मारामारी मची हुई है। जहां निजी दुकानदारों के द्वारा धड़ल्ले के साथ 275 के स्थान पर 450 से लेकर 500 रूपये प्रति बोरी उर्वरक खाद यूरिया बेची जा रही है। बताया जाता है कि अन्नदाताओं के द्वारा कई बार स्थानीय अधिकारियों के यहां शिकायत की गई। लेकिन दुकानदारों के इस मनमानी पर स्थानीय प्रशासन अंकुश लगाने में अब तक नाकाम रहा है। जिसके चलते दुकानदार अपने हिसाब से मनमानी कीमत पर खाद भेच रहे हैं।

### इनका कहना :-

शिकायत मिलने पर तहसीलदार के साथ पहुंच बीच सड़क पर खाद बेच रहे ट्रक को थाने ला कर दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। डीडीए को बुलाया गया है, इसके बाद आगे नियमानुसार कार्रवाई होगी।

**जितेन्द्र सिंह भदौरिया**
टीआई, थाना सरई



# नायब, तहसीलदार ने मंत्री व विधायकों को सौपा ज्ञापन

## एक सप्ताह से जारी है हड़ताल, कामकाज प्रभावित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 12 अगस्त। जिले भर के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायिक एवं कार्यपालिक विभाजन के विरोध में आज 7वें दिन हड़ताल पर रहे हैं। इस दौरान आज दिन मंगलवार को जिले भर के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों ने राज्य मंत्री, विधायक सिंगरौली एवं देवसर को ज्ञापन सौपा है।**

गौरतलब है कि राज्य सरकार ने तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायिक कार्यपालिक विभाजन का विरोध कर रहे हैं। यह विभाजन की निती प्रदेश के 25 जिले में लागू की गई है। जहां इसका विरोध जारी है। तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के बेमियादी हड़ताल पर जाने से राजस्व संबंधी कामकाज आज 7वें दिन भी पूरी तरह से ठप रहा है। वही आज राज्यमंत्री राधा सिंह, विधायक रामनिवास शाह एवं राजेन्द्र मेश्राम को ज्ञापन सौपा है।



# गोंड़बहेरा उज्जैनी ईस्ट भूमिगत खदान की पर्यावरण स्वीकृति के लिए हुई लोक सुनवाई

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 12 अगस्त। जिले के बरगवां तहसील अन्तर्गत प्रस्तावित गोंड़बहेरा उज्जैनी ईस्ट कोयला खदान के लिए आज दिन मंगलवार को मझौली गांव में पर्यावरणीय मंजूरी के लिए आयोजित लोक सुनवाई सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।**

इस कार्यक्रम में भूमिगत खदान से प्रभावित होनेवाले सभी चार गांवों के भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे, जिन्होंने प्रोजेक्ट का खुलकर समर्थन किया। जिला के संयुक्त कलेक्टर संजीव कुमार पाण्डेय एवं म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सिंगरौली के क्षेत्रीय अधिकारी संजीव मेहरा की उपस्थिति में जनसुनवाई सम्पन्न हुई। इस दौरान सरकार के प्रतिनिधियों के द्वारा स्थानीय जनता की समस्याओं और सुझावों को ध्यान से सुना गया। इस प्रोजेक्ट के आसपास के गांवों के लोगों ने पर्यावरण पर होनेवाली संभावित असरों के साथ-साथ स्थानीय लोगों के सामाजिक और आर्थिक विकास के बारे में अपने विचार रखे। प्रशासन की तरफ से देवसर के एसडीएम अखिलेश सिंह, एसडीओपी देवसर गायत्री तिवारी, बरगवां के थाना प्रभारी मो. समीर, सरई के थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह भदौरिया एवं कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। इस परियोजना के चालू होने से भौतिक अवसंरचना सुधार के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में सुधार, सामाजिक कल्याण के उपायों में जन स्वास्थ्य प्रबंधन, शिक्षा प्रबंधन, पर्यावरण की बेहतरी, बुनियादी ढांचे का विकास, सतत आजीविका, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र एवं किसान विकास कार्यक्रम जैसे विभिन्न पहलूओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आज

**सिंगरौली 12 अगस्त (एनबीएन)।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केन्द्र में मतदाताओं की संख्या 1500 से घटाकर 1200 करने के लिए निर्देशित किया गया है। जिसके संबंध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र चितरंगी, सिंगरौली, देवसर से मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण का प्रस्ताव तैयार कराया गया है। मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के प्रस्ताव के संबंध में कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कल 13 अगस्त को दोपहर 2 बजे मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों का बैठक निर्धारित की गई।

# मटिया मार्ग कीचड़ में सराबोर, रहवासी परेशान

## देवसर जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत गन्नई का मामला, रहवासियों ने प्रशासन को सवालों में घेरा

नवभारत न्यूज

**सरई 12 अगस्त। देवसर जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत गन्नई अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्र क्रामंक 6 मटिया कच्ची सड़क मार्ग कीचड़ में जहां तब्दील है, वही बरिया नाला पुल के अभाव में स्कूली बच्चे भी नाले के पानी को पार कर जाने के लिए मजबूर हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत के सरपंच व सचिव के उदासीनता का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।**



जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गन्नई के मटिया टोला के दलदल सड़क मार्ग रोजाना सैकड़ों लोगों का आना-जाना है। वही नाले में पुलिया न बनने से स्कूली बच्चों को बड़े मुश्किल से पानी होकर आना जाना पड़ रहा है। यह समस्या आज से नही वर्षो से है। आरोप है कि ग्राम पंचायत के सरपंच के उदासीनता के चलते सड़क का न तो मुरमीकरण हो सका है और न ही डब्ल्यूबीएम का कार्य कराया गया है। इस बारिश के बारिश के दिनों में ग्रामीणों का आना-जाना काफी मुश्किल है। वाहनों से चल नही सकते और पैदल चलने पर कीचड़ में सराबोर हो जाते हैं। स्थानीय रहवासियों ने इस ओर देवसर विधायक एवं कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# संयुक्त मोर्चा की जिला स्तरीय कार्य समिति का हुआ गठन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 12 अगस्त। म.प्र. अधिकारी-कर्मचारी एवं पेंशनर संघ के प्रदेश अध्यक्ष की सहमति से जिलाध्यक्ष अजय सिंह चौहान ने नवीन जिला स्तरीय कार्य समिति का गठन किया है।**

जिला स्तरीय टीम में जिला संरक्षण मण्डल ने संजीव पाण्डेय, श्रीकांत त्रिपाठी, मनोज सिंह, एचएन निमोरिया, रामलखन शुक्ला, हेमंत चौधरी, मिथिलेश इवने, संयोजक में सह संयोजक नरेन्द्र मिश्रा, सह संयोजक डीएस चौहान, राजेश्वरी पाण्डेय, ज्योति स्वरूप द्विवेदी,



वही कार्यकारी अध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष के पद पर आंकाक्षा पटेल, कविता त्रिपाठी, एनके पटेल, आरपी बैस, रमेश पटेल, प्रियंका सिंह, संजय सिंह परिहार, कैलाश टेंटुवाय, फतेहबहादुर सिंह, विजय कुमार त्रिपाठी एवं उपाध्यक्ष प्रवक्ता डॉ. शिवार्चन शुक्ला तथा जयप्रकाश मार्को, जिला महामंत्री रमेश पाण्डेय को बनाया गया है। वही जिला संयुक्त सचिव में पुष्पराज विश्वकर्मा, विपुल सिंह, नरेन्द्र धाकड़, भोला वर्मा को जगह मिली है। जबकि जिला कोषाध्यक्ष प्रभाकर सिंह को बनाया गया है। साथ ही जिला संगठन सचिव राजपति सिंह, अरूण मिश्रा, अवनीश पाण्डेय बने हैं। जिला सह सचिव प्रेमलाल कोल, सुमन पनिका तथा कार्यालय सचिव के रूप में मो. आफताब सिद्धकी को नियुक्त किया गया है।

# दबंगों ने ताला लगाकर किया कब्जा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 12 अगस्त। कोतवाली थाना क्षेत्र के सिद्धिकला गांव निवासी पवन कुमार बैस ने कलेक्टर को आवेदन देते हुये बताया है कि दुकान पर जबरन ताला लगाकर कब्जा किया गया है और बिजली कनेक्शन काट दिया गया है। दबंग व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई नही की गई। ऐसे में पीड़ित ने कलेक्टर से फरियाद करते हुये न्याय की गुहार लगाई है।**

जनसुनवाई में कलेक्टर को दिये शिकायती पत्र में बताया है कि विगत 15 वर्षो से सिद्धिकला में सरकारी भूमि पर किराये की दुकान संचालित कर रहा हूॅ। जिससे मेरे परिवार का भरण-पोषण हो रहा है। लेकिन बीते 25 मार्च को पड़ोसी सीतासरण बैस के द्वारा जबरन दुकान में ताला लगाकर बिल्डिंग कर दी गई। इसके साथ ही बिजली का कनेक्शन काट दिया गया है।

दुकान के अंदर एटीएम कार्ड, क्रेडिट कार्ड, बैंक पासबुक सहित जरूरी दस्तावेज रखा हुआ है, लेकिन जबरन नेताओं का संरक्षण पाकर दुकान का ताला नही खोल रहा है और परेशान किया जा रहा है।

# मासूम बेटा के हत्या के आरोपी मॉ-पिता को आजीवन कारावास की सजा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 12 अगस्त। सरई थाना क्षेत्र के निवास ग्राम के एक दम्पत्ति को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश देवसर विजय कुमार सोनकर के द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही आरोपियों पर पॉच-पॉच हजार रूपये का अर्थदण्ड भी लगाया गया है। परिवादी की ओर से अपर लोक अभियोजक मारकण्डेय मणि त्रिपाठी ने पैरवी किया था।**

अपर लोक अभियोजक ने बताया कि 28 मार्च 2019 को थाना सरई में मृतक अबोध बालक अभि साहू 5 माह की मॉ फरियादी एवं राधा देवी पति रविकुमार साहू उम्र 18 वर्ष ने अपने पति के साथ निवास पुलिस चौकी पहुंच सूचना दर्ज कराई थी कि मैं करीब शाम 4 बजे घर के सामने राई पीट रही थी। पति घर के अंदर में सो रहे थे और बेटा अभि दूसरे कमरे में चारपाई पर सो रहा था। इसी दौरान राधा ने बताया कि अचानक चक्कर आने से मैं बेहोस हो गई और जब होश आया तो देखा कि बच्चा चारपाई पर नही है। तलाश करने के बाद कुआं में बच्चे को तैरते हुये देखा गया, हल्ला गुहार करने पर पति दौड़कर आया और कुएं से बाहर निकालकर निवास अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सको ने अभि को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम करते हुये जांच पड़ताल शुरू दी और पुलिस ने इस बिन्दु पर विवेचना करने लगी कि 5 महीने का अबोध बालक न तो करवट ले सकता है और न ही चल फिर सकता है। ऐसे में खुद से कुएं में गिरने का सवाल ही नही उठता है। साथ ही सेम्पल भी जांच के लिए भेजा गया था। पुलिस ने इसी आधार पर मामले की विवेचना आगे बढ़ाई। जहां चौकाने वाले तथ्य सामने आने लगे। पुलिस को विवेचना के दौरान जानकारी मिली कि पति-पत्नी में अनबन था और आरोप था कि अभि रवि का बेटा नही है, किसी और का है। जहां सुनियोजित तरीके से मृतक अबोध बालक अभि को उसी के मॉ-बाप राधा एवं रवि ने हत्या कर कुएं में फेंक दिया और उस घटना को दूसरी तरफ मोड़ दिया था, ताकि किसी की शक हत्या पर ना जाये। पुलिस ने 7 जून 2021 को न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया। जहां न्यायालय के द्वारा साक्ष्य प्रारभ किये गये। पुलिस के गहन विवेचना एवं साक्ष्यों के आधा पर अपर सत्र न्यायाधीश देवसर के द्वारा आरोपी पति-पत्नी राधा एवं रवि साहू को अबोध बालक के हत्या के आरोप में आजीवन कारावास एवं पॉच-पॉच एवं ढाई-ढाई हजार रूपये का अर्थदण्ड का सजा सुनाया गया।

# आरसीएसएस दफ्तर को लेकर दो गुटों में मारपीट

## जयंत पुलिस ने किया हस्तक्षेप, दफ्तर में जड़ा ताला

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 12 अगस्त। आरसीएसएस दफ्तर को लेकर इंटक से निष्काशित वीरेन्द्र सिंह बिष्ट के गुट मौजूदा महामंत्री से उलझ गये। वे संगठन के केन्द्रीय कार्यालय पर कब्जा करने गये थे। मामला मारपीट में तब्दील होने के बाद मौके पर पुलिस पहुंच दफ्तर में ताला जड़ दिया।**

जानकारी के मुताबिक बीते दिन कल सोमवार की आरसीएसएस सिंगरौली के महामंत्री पुष्पराज सिंह अपने अन्य पदाधिकारियों के साथ



केन्द्रीय कार्यालय सिंगरौली में बैठ कर संगठन को सशक्त बनाने के साथ अन्य बिन्दुओं पर चर्चा-विमर्श कर रहे थे। इसी दौरान संगठन से निष्काशित वीरेन्द्र सिंह बिष्ट अपने कुछ चहेतो के साथ उक्त संगठन के केन्द्रीय कार्यालय में पहुंच कब्जा करने का कोशिश करने लगा। जहां मौके पर मौजूद इंटक के सदस्यों ने विरोध किया तो मामला मारपीट में तब्दील हो गया। अंततः पुलिस पहुंची और दोनों पक्षों को थाने ले गई। मामला अभी गरमाया हुआ है।

# आधा सैकड़ा चालकों ने विधायक व अध्यक्ष को घेरा

## विधायक ने तत्काल सुपरवाईजर को लंबित भुगतान करने को कहा, हड़ताल स्थगित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 12 अगस्त। गजराबहरा में कोल परिवहन करने वाले बैरा सिटी ट्रांसपोर्ट के आधा सैकड़ा चालको ने आज बकाया वेतन भुगतान को लेकर हड़ताल शुरू कर दिये।**

इस बीच तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे बीजेपी जिलाध्यक्ष सुन्दर शाह, विधायक देवसर राजेन्द्र मेश्राम को चालको ने गजराबहरा में घेर लिया। विधायक राजेन्द्र मेश्राम ने बैरा सिटी के चालको से जानकारी देते हुये तत्काल उक्त ट्रांसपोर्ट के सुपरवाईजर से बातचीत की और विधायक ने कड़े निर्देश देते हुये



कहा कि तत्काल वाहन चालको के लंबित भुगतान कर अवगत कराया। विधायक इस पहल के बाद हड़ताल में गये वाहन चालक वापस आते हुये कामकाज शुरू कर दिये। विधायक ने कहा कि उक्त वाहन चालको की समस्याओं का त्वरित समाधान कराना हमारी प्राथमिकता रही।

# पटवारी पर 25 व तहसीलदार पर 50 हजार रिश्वत लेने का आरोप

## जनसुनवाई में कलेक्टर से पीड़ित पक्ष ने किया लिखित शिकायत, कलेक्टर ने एसडीएम को दिया जांच के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 12 अगस्त। जिले के बरगवां थाना क्षेत्र के तहसील दुधमनिया कसर निवासी एक पीड़ित किसान ने कलेक्टर के जनसुनवाई में पहुंच कर फरियाद करते हुये कहा कि पटवारी ने 25 हजार रूपये और तहसीलदार ने 50 हजार रूपये रिश्वत लेने का सनसनीखेज आरोप लगाते हुये राजस्व महकमे में हड़कंप मचा दिया है। वही कलेक्टर ने एसडीएम को जांच करने के लिए निर्देशित किया।**

कसर निवासी सकुंतला नाई पिता बंशीलाल नाई ने कलेक्टर को दिये आवेदन में बताया है कि मेरी आराजी खसरा क्रमांक 56/1 ग्राम रामगढ़ बस्ताली की जमीन का पटवारी 25 हजार रूपये तथा 50 हजार रूपये तहसीलदार ने रिश्वत लिया है।

पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया है कि रिश्वत लेने के बाद भी जमीन को दर्ज नही किया गया, अब पैसा वापस मांग करने पर पैसा नही दे रहे हैं। पीड़िता ने कलेक्टर से पौसा वापस कराये जाने की मांग की है। वही थाना बरगवां के ही जोवगढ़ निवासी जगदीश प्रसाद मिश्रा ने कलेक्टर को दिये आवेदन पत्र में बताया है कि मेरे भाई राधाकृष्ण मिश्रा, बलराम मिश्रा व उनकी पत्नी प्रभा मिश्रा के द्वारा हमारे ऊपर भूत-प्रेत का आरोप लगाते हैं और आये दिन गाली-गलौज करते हैं और घर से भगाने की धमकी देते रहते हैं। दोनों भाई नशेड़ी हैं, कभी भी हमारे ऊपर जानलेवा हमला कर सकते हैं। वही इनका साथी कृष्णाराम गुर्जर शराब के नशे में इन लोगों का साथ देता है और धमकी देता है कि थाना कोट में बंध करवा देंगे। हमारे साथ अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है।

### भवरखोंह में हुआ घटिया पुलिया निर्माण, कलेक्टर से फरियाद

कलेक्टर की जनसुनवाई में जनपद पंचायत बैढ़न के भवरखोंह निवासी राजकुमार बसोर, महेन्द्र बसोर, पप्पू बसोर, गुजरतिया बसोर सहित तकरीबन एक दर्जन ग्रामीण पहुंचे थे। जहां कलेक्टर को आवेदन देते हुये कहा कि भवरखोंह के हटका बसोर बस्ती में सरपंच पति द्वारा विधायक निधी से पुलिया का निर्माण कराया गया था। जहां न तो लागत का बोर्ड लगा है और न ही किस मद से काम हुआ है, उसका लगा है। पुलिया निर्माण रात में जेसीबी मशीन लगाकर खुदाई कराई गई। जिस स्थान पर पुलिया का निर्माण होना चाहिए, वहां पुलिया का निर्माण कार्य नही कराया गया। निर्माण कार्य में सिमेंट की मात्रा बहुत कम और भस्सी का उपयोग किया गया। पुलिया पट्टे की जमीन पर बनाया गया है। जबकि वहां न कोई नाला और न ही रोड है। ऐसे निर्माण कार्य कि जांच कराई जाये।